an>

Title: Need to expedite setting up of Kakwara Mega Power Plant in Banka district, Bihar.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बांका) ः बिहार राज्य के जिला-बाँका के ककवारा में 4000 मेगावाट की मेगा विद्युत परियोजना हेतु कोयला भंडार एवं सुलतानगंज से गंगाजल की व्यवस्था सहित राज्य सरकार द्वारा 2440 एकड़ भूमि अधिग्रहण हेतु चिन्हित कर लिया गया है। मेगा विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु योजना भी स्वीकृत है।

अतः मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि बिहार जैसे पिछड़े राज्य के विशेष नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को गति देने हेतु यथाशीघ्र योजना का कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रक्रिया या औपचारिकता जल्द पूरी की जाये।